मूल्यः एक रूपया

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–12, अंक–6, अगस्त 2011

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545



## स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकानाएं!

प्रिय बंधुओं,

भारत के 65वें स्वतन्त्रता दिवस के पावन अवसर पर समस्त कामधेनु समूह की ओर से मैं अपने सभी फ्रेंचाइज़ी, डीलरों, डिस्ट्रीब्यूटरों और अन्य सहयोगियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकानाएं देता हूँ।

भारत के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाला 15 अगस्त का यह दिन कामधेनु के वार्षिक कार्यक्रमों में भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रत्येक वर्ष देश के स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर हमारी समाजसेवी शाखा कामधेनु जीवनधारा पिछड़े वर्ग के बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करती है। इससे भी अधिक हमारी देश के प्रति जिम्मेदारी किसी विशेष अवसर तक सीमित नहीं है और हम लगातार समाज को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत रहते हैं। सत्कार्यों और अन्य लोकोपकारी कार्यक्रमों का प्रायोजन करना कंपनी का समाज की बेहतरी में भागीदारी का एक हिस्सा मात्र है।

अपनी स्वतन्त्रता के 65वें वर्ष में हमारा देश विकास की राहों पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमने आजादी के बाद से एक लम्बा सफर तय किया है, किन्तु अभी भी हमें बहुत दूर जाना है। अपने देश को उन्नत राष्ट्रों की श्रेणी में लाने के लिए हमें यहां विश्वस्तरीय मूलभूत संरचना का विकास करना होगा। निर्माण और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भारत की अग्रणी कंपनियों में से एक होने के नाते कामधेनु समूह खुद को देश में विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना के विकास में समर्पित करता है।

हमने स्टील क्षेत्र में हुए कुछ अत्याधुनिक तकनीकी विकासों को प्रस्तुत किया है। हम उच्चस्तरीय गुणवत्ता वाले 500D और Fe-500 टी.एम.टी. को देश के दूरस्थ स्थानों पर उपलब्ध करा रहे हैं। उन्नत किस्म के स्टील उत्पादों को देश भर में किफायती दामों पर और तेजी से सुलभ बनाने हेतु हमने 50 से अधिक फ्रेंचाइज़ी सहयोगियों का एक विशाल और सुदृढ़ नेटवर्क विकसित किया है। स्टील के अतिरिक्त हमारे अन्य उत्पाद जैसे पेंट, प्लाईवुड, पी.वी.सी. पाईप्स और पेय जल की देश के सभी हिस्सों में भारी माँग है।

देश के अधिकाधिक लोगों तक पहुँचने के लिए हम दूरस्थ स्थानों तक अपने उत्पाद उपलब्ध कराने के अतिरिक्त अन्य नए उत्पाद बाजार में उतारने की योजना रखते हैं। हम अपनी वर्तमान उत्पादन क्षमता में भी तेजी से वृद्धि कर रहें हैं ताकि देश भर से आने वाली हमारे उत्पादों की ऊँची मांग को पूरा कर सकें। ग्राहकों का जागरूकता स्तर बढ़ाने हेतु हम पारंपरिक मीडिया के अतिरिक्त उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रमों का भी प्रयोग कर रहे हैं।

मैं इस बात पर भी जोर देना चाहूँगा कि देश के साथ–साथ हम भी बहुत आगे आए हैं, किन्तु अभी भी हमें बहुत सारी उपलब्धियां हासिल करनी हैं, बहुत सारे सपनों को साकार करना है। इसलिए मैं हमारे सभी फ्रेंचाइज़ी सहयोगियों, डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों से आग्रह करता हूँ कि वे देश और कामधेनु समूह को सफलता की नई ऊँचाईयों तक ले जाने के लिए आगे आएं। आइए हम खुद को ना सिर्फ निजी विकास हेतु वरन् कंपनी के, देश के विकास में समर्पित करें। आइए एक उज्ज्वल भविष्य के लिए हम एक–दूसरे के विकास में परस्पर सहयोगी बनें।

मैं एक बार पुनः आपको अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ और प्रार्थना करता हूँ कि आप अपने सभी प्रयासों में सफल हों। आइए एक साथ मिलकर हम राष्ट्र निर्माण को आगे बढ़ाएं।

जय हिन्द!

शुभकामनाओं सहित,

**सतीश कुमार अग्रवाल**
चेयरमैन एण्ड मैनेजिंग डायरेक्टर
कामधेनु इस्पात लिमिटेड

# भ्रष्टाचार के विरूद्ध पूरे देश से आई एक आवाज– मैं अन्ना हूँ



भ्रष्टाचार विरोधी कानून जन लोकपाल बिल की माँग को लेकर समाजसेवी अन्ना हजारे द्वारा चलाए जा रहे अभियान को पूरे देश से अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। अन्ना का यह आंदोलन स्वतन्त्र भारत के सबसे बड़े आंदोलनों में से एक है। देश में व्याप्त भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता अन्ना के एक आह्वान पर अपने घरों से निकल कर सड़कों पर आ गई है। ऐसा प्रतीत होता है मानो भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ गाँधीवादी अन्ना की क्रान्ति की आँधी में भ्रष्टाचार में लिप्त सभी लोग उड़ जाएंगे।

अन्ना के आंदोलन की औपचारिक शुरूआत इसी वर्ष 5 अप्रैल से हुई थी जब वे पहली बार इस मुद्दे पर दिल्ली के जंतर मंतर पर भूख हड़ताल पर बैठे थे। सरकार ने लोकपाल बिल शीघ्र लाने के आश्वासन के साथ अन्ना का यह अनशन 5 दिनों में ही समाप्त करा दिया था। इसके बाद लोकपाल विधेयक का ढांचा तैयार करने के लिए सरकार और सिविल सोसाइटी के सदस्यों की एक साझा समिति गठित की गई थी। समिति में लोकपाल बिल के विभिन्न बिंदुओं पर आपसी असहमति के चलते दोनों पक्षों के बीच बातचीज समाप्त हो गई जिसके चलते अन्ना ने पुनः अनशन पर बैठने का निर्णय किया। अनशन की जगह और अन्य मुद्दों पर चले तमाम विवाद के बाद 16 अगस्त से अन्ना अनशन पर बैठे हैं। वर्तमान में अन्ना दिल्ली के रामलीला में अनशन पर हैं जहाँ लाखों की संख्या में उमड़ा जनसैलाब इस मुद्दे की संवेदनशीलता को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त देश के हर हिस्से में लोग मशाल रैली, धरना–प्रदर्शन कर भ्रष्टाचार समाप्ति की माँग कर रहे हैं। इतने विशाल जन समूह का अहिंसावादी तरीके से प्रदर्शन समूचे विश्व को महात्मा गाँधी की हर युग में तार्किकता का प्रमाण देता है। देश आज एक ऐतिहासिक मुकाम पर खड़ा है और दुनिया की नजरें हमारे ऊपर हैं। आज सभी के सिर पर सजी गाँधी टोपी पर बस एक ही बात लिखी है– "मैं अन्ना हूँ।"

# भारत की दूसरी महिला ग्रैंडमास्टर द्रोणावली हारिका



विश्व शतरंज में भारत का नाम रोशन करते हुए आंध्र प्रदेश की 20 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी द्रोणावली हारिका ने कोनेरू हंपी के बाद देश की दूसरी महिला ग्रैंडमास्टर बनने का गौरव हासिल किया है। उन्होंने यह खिताब जुलाई में तीसरा ग्रैंडमास्टर नॉर्म पूरा करके हासिल किया। द्रोणावली चीन में आयोजित नौ राउंड वाली ऑल–प्ले–ऑल प्रतियोगिता में 5.5 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। द्रोणावली ने विश्व विजेता हू यिफान जैसे खिलाड़ियों के साथ भी ड्रॉ खेला और सात ड्रॉ और दो विजय के साथ प्रतियोगिता में अविजित रहीं।

देश की प्रथम महिला ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी ने कहा कि हारिका की यह उपलब्धि देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। भारत की टीम को विश्व परिदृश्य में मज़बूती हासिल करने के लिए ग्रैंडमास्टर खिताब वाली महिला खिलाड़ियों की आवश्यकता है।

# अब जीरो बैलेंस पर पेनल्टी नहीं

अगर अब आपके बैंक अकाउंट में जीरो बैलेंस है तो भी पेनल्टी नहीं भरनी पड़ेगी। अदालत ने दामोदरन समिति की सिफारिश पर अपनी मुहर लगाते हुए कहा है कि ग्राहकों के खाते में जीरो बैलेंस होने पर



भी बैंक उनसे पेनल्टी नहीं वसूल सकेंगे। अगर बैंक ऐसा करते हैं तो उन्हें काटी हुई रकम ब्याज सहित वापस लौटानी होगी। कर्नाटक हाईकोर्ट ने टी.एस. मुत्थुकृष्णन की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने यह भी कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक ग्राहकों और बैंकों की आपत्तियां सुनने के बाद इस बारे में अंतिम फैसला करेगा।

मुत्थुकृष्णन ने अपनी याचिका में कहा है कि न्यूनतम बैलेंस न होने के बहाने बैंक ग्राहकों से मोटी पेनल्टी वसूल रहे हैं। आमतौर पर दो रोटी के जुगाड़ के लिए संघर्ष कर रहे गरीबों पर ही इसकी मार पड़ती है क्योंकि न्यूनतम बैलेंस की समस्या उन्हीं के खातों में होती है। इस फैसले पर अगर भारतीय रिजर्व बैंक अपनी मुहर लगाते हैं तो आम ग्राहक काफी राहत महसूस करेंगे। यह समस्या आम ग्राहकों से जुड़ी हुई होता है क्योंकि वही इस समस्या की चपेट में आते हैं।

# कामधेनु पेंट्स द्वारा विशेष उपभोक्ता कार्यक्रमों का आयोजन

**कंपनी की प्रथम चरण में 8 आवासीय कॉलोनियों में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की योजना**




कामधेनु पेंट्स की सफलता का सबसे बड़ा कारण इसका ग्राहकों के फायदे के लिए किया जाने वाला समर्पण है। कंपनी न सिर्फ अपने ग्राहकों को उचित मूल्यों पर श्रेष्ठ गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराती है बल्कि उन्हें पेंट उत्पादों से जुड़े तकनीकी पहलुओं से भी अवगत कराती है। अपने ग्राहकों के और नज़दीक पहुँचने के प्रयास के तहत कामधेनु पेंट्स एक उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। इस अभियान के अन्तर्गत कंपनी विभिन्न आवासीय कॉलोनियों के परिसर में एक स्टॉल जैसी कैनॉपी लगाती और अपने उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला को प्रदर्शित करती है। इन स्टॉल्स पर कंपनी के प्रतिनिधि उन आवासीय कॉलोनियों के निवासियों को उनके घरों को पेंट करने के लिए इस्तेमाल होने वाले उत्पादों की गुणवत्ता के विषय में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराते हैं। इसके अतिरिक्त कंपनी की नई इटैलियन डिजाइनर फिनिशिस को भी इन स्टॉल्स के माध्यम से लोगों के बीच प्रदर्शित किया जाता है। इस प्रोजेक्ट में श्री तिलक गिरि, ए.जी.एम. (प्रोजेक्ट्स), कामधेनु पेंट्स एक टीम का निर्देशन कर रहे है जिसमें उन्हें श्री लवजीत सिंह, मैनेजर (ब्रांड प्रमोशन), श्री अशोक तिवारी, श्री नितिन गोस्वामी और श्रीमति जशोधा का सहयोग मिल रहा है।

कंपनी ने इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन 23 जुलाई, 2011 को सुज्जन विहार वेलफेयर मेंटिनेन्स, सैक्टर–43, गुडगाँव में और इसके बाद 24 जुलाई, 2011 को तारिका अपार्टमेन्ट, सैक्टर–43, गुडगाँव में किया। कंपनी प्रथम चरण में इस प्रकार की 8 सोसाइटीज में इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करेगी।इन उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में अधिक जानकारी देते हुए श्री गिरि ने कहा, "अन्तिम उपभोक्ता तक पहुँचने के उद्देश्य से चल रहे ये कार्यक्रम आने वाले त्यौहारों के समय में कंपनी के लिए बहुत हितकर साबित होंगे। ये कार्यक्रम न केवल कंपनी को ग्राहकों के करीब जाने का मौका दे रहे हैं वरन् उनके जागरूकता स्तर को भी बढ़ा रहे हैं ताकि वे अपने घरों को पेंट करते समय सही उत्पाद का चुनाव कर सकें। हमें इन जागरूकता कार्यक्रमों के लिए ग्राहकों से बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।"

बाजार में ***Colour Dreamz*** ब्रांड के नाम से उपलब्ध कामधेनु पेंट्स के ये उत्पाद भारतीय उपभोक्ताओं के बीच काफी लोकप्रिय हैं। ये उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम न केवल कंपनी की ब्रांड वैल्यू में इजाफा करेंगे बल्कि उपभोक्ताओं को अपना घर सजाते समय कामधेनु पेंट्स के प्रयोग के लिए अनेकों कारण और देंगे।

**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

श्री संतोश अग्रवाल
**मैसर्स नरेश हार्डवेयर**
सीताबुल्दी वन वे
नागपुर
फोनः 0722542676

**मैसर्स श्री भोलेनाथ टिम्बर मार्ट**
बावला, अहमदाबाद
गुजरात
मो. : 09824611202

**मैसर्स रॉयल एण्टरप्राइजेज़**
5, लाटी प्लॉट
राजकोट
गुजरात

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-11



# स्वतंत्रता दिवस का जश्न देश के भविष्य के साथ

**आज़ादी की 64वीं सालगिरह पर कामधेनु जीवनधारा का बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन**



कामधेनु इस्पात लिमिटेड की समाजसेवी शाखा कामधेनु जीवनधारा कंपनी की देश और समाज कल्याण के कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करती है। इसी कड़ी में कामधेनु जीवनधारा द्वारा देश के 65वें स्वतंत्रता दिवस पर गुड़गाँव के चक्करपुर में स्थित कामधेनु जीवनधारा स्कूल में आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चों के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कामधेनु जीवनधारा की अध्यक्षा श्रीमति राधा अग्रवाल भी मौजूद थीं।

कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए यह भी बताया गया कि देश को विकास की राहों पर आगे ले जाने के लिए भविष्य में उनके सजग प्रयासों की आवश्यकता है।

बच्चों को सम्बोधित करते हुए श्रीमति राधा अग्रवाल ने कहा, "आप देश का भविष्य हैं इसलिए आने वाले समय में देश को उन्नत बनाने के लिए आपकी प्रगति अतिआवश्यक है। आपको अपने अथक परिश्रम से न केवल स्वयं को बल्कि पूरे देश को आगे लेकर जाना है।"

इसके बाद बच्चों ने विभिन्न प्रकार की झांकियों और कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में भाग लेकर सभी बच्चे बहुत प्रफुल्लित थे।

# दिल्ली के डिस्ट्रीब्यूटरों के लिए सम्मेलन का आयोजन

**गुड़गाँव स्थित कामधेनु इस्पात लिमिटेड के कॉर्पोरेट ऑफिस में एकत्रित हुए कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर्स**

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अपने दिल्ली के डीलरों व डिस्ट्रीब्यूटरों को कंपनी की भावी योजनाओं से अवगत कराने हेतु गुड़गाँव स्थित कंपनी कॉर्पोरेट ऑफिस में डीलर–डिस्ट्रीब्यूटर सम्मेलनों का आयोजन करना प्रारंभ किया है। इन कार्यक्रमों में कंपनी द्वारा दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रीय डिस्ट्रब्यूटरों को क्रमशः उनके डीलरों के साथ आमंत्रित किया जाएगा। 10 अगस्त के कार्यक्रम में कंपनी के सी.एम.डी. श्री सतीश अग्रवाल, निदेशक श्री सुनील अग्रवाल और श्री सचिन अग्रवाल, सीनियर जी.एम. श्री राजीव शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

डिस्ट्रीब्यूटरों को सम्बोधित करते हुए श्री सतीश अग्रवाल ने कहा, "कंपनी की प्रगति में आपके सजग प्रयासों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। कंपनी को और आगे बढ़ाने के लिए आपका निरन्तर सहयोग अतिवांछनीय है। हमें आपसी सहयोग से सामने खड़ी चुनौतियों को हराना है और अवसरों को भुनाना है।"



आगे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया, "कंपनी आपके फायदे के लिए अनेकों योजनाएं चला रही जो प्रदर्शन पर आधारित हैं। हम चाहते हैं कि आप इन योजनाओं में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करें और अपने लाभ के साथ कंपनी का विकास सुनिश्चित करें।"

कार्यक्रम में कंपनी द्वारा सभी डिस्ट्रीब्यूटरों को पूर्व में ही देश के स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गईं और सभी को प्रतीक चिन्ह प्रदान किये गए।




Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com